आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 26.02.2025 समय : 18.30 पीएम

- एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वें क्षेत्रीय थ्री आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम की मेजबानी भारत को– जयपुर में तीन मार्च से सम्मेलन का आयोजन।

- राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा कल से–कुल तीन पारियों में होने वाली रीट के लिए व्यापक प्रबन्ध।

- विश्व का सबसे बडा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ आज सम्पन्न हो रहा है–संगम पर पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाव।

- भगवान शिव की आराधना के पर्व महाशिवरात्रि पर प्रदेशभर में भक्तिमय माहौल।

000

भारत एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वें क्षेत्रीय थ्री आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम की मेजबानी कर रहा है। तीन दिन का ये सम्मेलन जयपुर में 3 मार्च से शुरू होगा। राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर में होने वाले इस सम्मेलन में पांच सौ से अधिक प्रतिभागी शामिल होगें। इसमें थीम आधारित संगोष्ठियां, देश–विशिष्ट चर्चाएं और अन्य सत्र होगें। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के अनुसार ये चालीस से अधिक व्यवसायों और स्टार्टअप की सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों और समाधानों को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करेगा। फोरम में देशभर के गैर सरकारी संगठनों और स्वयं सहायता समूहों की ओर से कचरे से सम्पत्ति बनाने की पहल को भी प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों को ठोस और तरल अवशिष्ट प्रबंधन तकनीकी क्षेत्र का दौरा करने का भी अवसर मिलेगा।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज सिरोही दौरे पर है। श्री बिरला इस समय आबू रोड़ में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रकाशमणि विज़डम पार्क के उद्घाटन समारोह में शिरकत कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने स्वरूपगंज में नागरिक अभिनन्दन समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान राज्यमंत्री ओटाराम देवासी और सांसद लुम्बाराम चौधरी भी मौजूद रहे। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि सिरोही आकांक्षी ज़िला है। सरकार इस क्षेत्र का समावेशी विकास सुनिश्चित करने और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने **महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना** के तहत विवाह सहायता राशि में बढोतरी करने की मंजूरी दी है। हाल ही की बजट घोषणा के अनुसार इस योजना में अब लाइसेंसधारी श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह पर 25 हजार रूपये की बढोतरी की गई है। इन श्रमिकों को दो पुत्रियों के विवाह में अब 75–75 हजार रूपये की सहायता राशि मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ टाउन कृषि उपज मंडी में नये निर्माण कार्यों के लिए आठ करोड़ 47 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति भी जारी की है। इस निर्णय से मंडी यार्ड में कवरिंग शेड का निर्माण, फ्लड लाइट्स और सी.सी.टी.वी कैमरे लगाने के काम किये जा सकेंगे। इसके साथ ही किसान और मजदूर विश्राम गृह भी बनाया जाएगा।

000

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा 2024–रीट कल से होगी। 28 फरवरी तक कुल तीन पारियों में होने वाली इस परीक्षा के लिए 41 जिलों में एक हजार 731 केन्द्र बनाये गये हैं। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से होने वाली इस परीक्षा के लिए 14 लाख 29 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। डमी अभ्यर्थियों पर रोक लगाने के लिए पहली बार फेस रिकग्निशन तकनीक का इस्तेमाल होगा। इसके साथ ही अभ्यर्थियों का फिंगर प्रिन्ट भी लिया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के जरिये की जाएगी। रीट अभ्यर्थियों के लिए रोड़वेज बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है। रोडवेज इसके लिए अतिरिक्त बसों का भी संचालन कर रहा है। वहीं उत्तर–पश्चिम रेलवे की ओर से विशेष रेलगाड़ियां भी चलाई गई हैं।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से वाहन चालकों के 2 हजार 759 पदों की भर्ती परीक्षा के लिए कल से आवेदन किये जा सकेंगे। ये प्रकिया 28 मार्च तक चलेगी। बोर्ड इसके लिए इस साल नवम्बर में परीक्षा आयोजित करेगा। वहीं लाइब्रेरियन के 548 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 5 मार्च से भरे जायेगें।

000

एग्रीस्टेक योजना के तहत प्रदेश में लगाये जा रहे शिविरों में किसानों की ग्यारह अंकों वाली विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जा रही है। इस यूनिक डिजिटल पहचान में किसानों के सभी भूमि खसरों की जानकारी और व्यक्तिगत विवरण दर्ज किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में बारां जिला कलेक्टर रोहिताश्व तोमर ने आज फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने अटरू उपखण्ड के अंता और चरडाना गांव में लगे शिविरों का जायजा लिया।

000

**अब खबरें महाकुंभ से –**

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रयागराज में संपन्न हो रहा है। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम और अन्य घाटों पर डुबकी लगा रहे हैं। तेरह जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ में अब तक 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं।

महाकुम्भ को सुरक्षित और यादगार बनाने के लिए विशेष प्रबंध किये गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साढे चार हजार बसें भी चलाई जा रही हैं। रेलवे ने आज सुबह नौ बजे तक प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से एक सौ पन्द्रह रेलगाडियां चलाईं। रेलवे आज प्रयागराज से साढे तीन सौ रेलगाडियां और चला रहा है। प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि आकाशवाणी ने सदैव लोगों को देश की संस्कृति से जोड़ने में प्रमुख भूमिका निभाई है। महाकुंभ के अंतिम दिन अपने संदेश में श्री सहगल ने कहा कि प्रसारण में आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल ने लोगों को बहुत प्रभावित किया। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि आकाशवाणी ने कुंभवाणी की खबरें, साक्षात्कार और विशेष कार्यक्रम प्रदान कर एक लोक सेवा प्रसारक के रूप में उत्कृष्ट भूमिका निभाई। आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कम समय में बड़ी संख्या में श्रोताओं तक पहुंचने में कुंभवाणी की सफलता की सराहना की।

000

प्रदेशभर में भगवान शिव की आराधना के पर्व महाशिवरात्रि का भक्तिमय माहौल बना हुआ है। प्रमुख मन्दिरों और शिवालयों में महादेव दरबार और शिव–पार्वती की झांकियां सजाई गई हैं। सुबह से ही जलाभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किये जा रहे हैं। महाशिवरात्रि के पर्व पर आज पाली में महादेव की शोभायात्रा निकाली जा रही है वहीं जिले के रोहट में सुबह जुलूस निकाला गया। उधर चूरू और पाली में शोभायात्रा निकाली गई। सीकर के फतेहपुर शेखावाटी के बुधगिरि की मढी में शिव मेला लगाया गया है। बड़ी संख्या में शिवभक्त वहां पहुंच रहे हैं।

जैसलमेर में भी महाशिवरात्रि पर्व का उल्लास छाया हुआ है। सवाईमाधोपुर जिले में शिवरात्रि के अवसर पर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि घुश्मेश्वर महादेव मन्दिर सहित विभिन्न शिवालयों में दर्शनार्थियों के कतारें लगी हुई हैं।

000

विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट इस साल 2 मई से भक्तों के लिए खोले जाएंगे। महाशिवरात्रि के सुअवसर पर इसकी घोषणा की गई है। वहीं गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के द्वार 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर खुलेंगे। सरकार की ओर से सुचारू और सुरक्षित तीर्थ यात्रा के लिए कई व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रहीं हैं।

000

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आज से राजस्थान की सेन्ट्रल युनिवर्सिटी में समारोह की शुरूआत हुई। तीन दिन के इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित करना है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आनन्द भाले राव ने बताया कि समारोह के दौरान कई गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर प्रख्यात वैज्ञानिकों के विशेष व्याख्यान होगें, साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी भी लगायी गई है। इसमें भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान को पोस्टर और मॉडल के जरिये दर्शाया गया है।

000

भारतीय सिनेमा के प्रतिष्ठित आयोजन आईफा अवार्ड्स की मेजबानी जयपुर करने जा रहा है। इस बार आइफा का सिलवर जुबली समारोह होगा। इसके लिए अलग–अलग श्रेणियों में नामांकन घोषित किये जा चुके हैं।

000